मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-347
01/10/2019

मुख्यमंत्री ने आपदा राहत बचाव कार्य के लिये राहत सामग्री आपूर्ति, भंडारण, पैकेटिंग एवं निर्गत केन्द्र का जायजा लिया एवं सैदपुर के जलजमाव वाले क्षेत्रों तथा सैदपुर सम्प हाउस का किया निरीक्षण

पटना 01 अक्टूबर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित आवास से गॉधी मैदान होते हुये पटना के जलजमाव वाले क्षेत्रों का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में चलाये जा रहे आपदा राहत बचाव कार्य के लिये राहत सामग्री आपूर्ति, भंडारण, पैकेटिंग एवं निर्गत केन्द्र का जायजा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सैदपुर के जलजमाव वाले क्षेत्रों का जायजा लिया और सैदपुर सम्प हाउस का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने जलजमाव से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनी तथा उसके निदान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने जल निकासी के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, प्रधान सचिव वित एवं पटना जिला के प्रभारी सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री कुमार रवि उपस्थित थे।

******